## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान में भाजपा सिंहपुर मंडल द्वारा वैद्य बाबू के बगीचा में वृक्षारोपण किया



**नरसिंहपुर।** आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष संविधान हत्या दिवस 25 जून को आपातकाल का काले दिन के उपलक्ष्य में आपातकाल के दौरान राष्ट्र रक्षा के लिए अपनी प्राणो की आहुति देने वाले मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान में भाजपा सिंहपुर मंडल द्वारा वैद्य बाबू के बगीचा में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक ने कहा कि 197 5 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल लगाकर लोगों को अधिकारों से वंचित किया था। मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र के विपरीत कार्य किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनंत दुबे ,जिला कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला प्रभारी नीलकमल जैन,कार्यक्रम मंडल प्रभारी उपेंद्र महाजन, सुदर्शन वैद्य, लाल साहब जाट, प्रकाश जाट, प्रमेश शंकर शर्मा, विश्वेंद्र जाट , तोड़ल नामदेव , एस के चतुर्वेदी, रविंद्र जाट, महाकाल महाराज भगवानदास राय , सरपंच संघ जिलाध्यक्ष कमलेश मलैया,,जिला संयोजक भाजपा श्रीकांत श्रीवास्तव,सरपंच मिथलेश जाट , राम नेता , लक्ष्मद्यण सिंह,अजीत जाट लक्ष्मण वैष्णव, विजय चौधरी , संदीप जैन,मंडल महामंत्री सूर्य प्रकाश स्वामी, अमित मेहरा जी, सोनू पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संविधान हत्या दिवस पर हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन- शासकीय पी.जी.

**दतिया।** शासकीय पी.जी. कॉलेज में 1975 में लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर ,संविधान हत्या दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का प्रारंभ सरस्वती माता पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर जयश्री त्रिवेदी द्वारा की गई, उनके द्वारा कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्षीय भाषण दिया गया। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव द्वारा आपातकाल के दौरान क्या-क्या परिस्थितियों उत्पन्न हुई, किन-किन अधिकारों का शासन द्वारा उल्लंघन किया इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

# अमलतास में हुआ पीयरलीडर का प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

वेलस्पन फाउंडेशन एवं आस संस्था के संयुक्त प्रयास से आज ग्राम अचलुखेड़ी, खटांबा, चंदाना, लिम्बोदा और सन्नोड के पियरलीडर्स हेतु एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 35 पियरलीडर एवं संस्था के कार्यकर्ताओं ने अमलतास इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस देवास में प्रशिक्षण लिया एवं हॉस्पिटल भ्रमण किया जिसमें विविध स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक सुनीता बागरी ने पियर लीडर्स को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं सृष्टि पवार ने कुपोषण और एनीमिया के विषय पर जानकारी दी। इसके साथ डॉक्टर स्नेहा शाह ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं रिंकू ने प्रजनन मार्ग संक्रमण तथा यौन संचारित रोगों पर गंभीरता पूर्वक प्रकाश डाला। राधिका जायसवाल ने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बताया और उसका डेमो करके भी बताया कि हम स्वयं किस तरह से जांच कर सकते है। इसके साथ-साथ डॉ संगीता तिवारी प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज अमलतास द्वारा भी सभी विषयों पर पियरलीडर्स को जानकारी दी एवं वीडियो के माध्यम् से जानकारी दी गई । इसके साथ वेलस्पन फाउंडेशन के राहुल यादव ने पियरलीडर्स के स्वास्थ्य के 6 टॉपिको के बारे में सभी को जानकारी दी।सभी प्रशिक्षक को वेलस्पन फाउंडेशन एवं आस संस्था द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया और उसके बाद सभी पियरलीडर्स को अमलतास इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग की लैबोरेट्री एवं आई सेंटर एवं पैथोलॉजी एवं एनीमिया सेंटर की विजिट कराई और उसके बारे में सभी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ पौधारोपण



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

एक पौधा मां के नाम वृक्षारोपण जिला प्रभारी अतुल भूरे चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एक पौधा मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य केशव सिंह भदोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा कार्यालय प्रांगण मे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम, जामुन और नीम के पौधे रोपित किया,पौधारोपण के मुख्य अतिथि का प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने पौधारोपण में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा पौधों रोपण करना एक पुनीत कार्य है, सभी कार्यकर्ता एक-एक पौधा लगाए और पृथ्वी को हरा भरा बनाएं अगर पृथ्वी हरी भरी रहेगी तो हमारा जीवन भी हरा भरा रहेगा,कार्यकर्ता बंधु एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाए और उस पौधे की देखभाल भी करें, जिससे वह बड़ा होकर आपको छाया और फल दे,इस मौके पर पंकज शुक्ला विपिन गोस्वामी डॉ राम जी खरे राधाकांत अग्रवाल मेघसिंह गुर्जर गुरुदेव शरण गुप्ता प्रशांत ढेगुला योगेश सक्सैना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने साईखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किया तालाब व अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने जिले की जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत बोदरी,निवारी और खिरिया पहुंचकर यहाँ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभियान से जुड़ी विभिन्न जानकारी ली और संबंधित अमले को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद, मैदानी स्तर का अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान यहां मौजूद हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि इन संरचनाओं का उपयोग हितग्राही मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन जैसे कार्यों के साथ खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका लाभ यह है कि जल संरक्षण से खेती को पर्याप्त पानी मिलेगा और भू-जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी।उन्होंने यहाँ मौजूद स्थानीय अमले को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरचनाओं का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए।

# भारतीय वायुसेना मे फ्लाइंग ऑफिसर बनी आर्याश्री सोलंकी का अभिनंदन

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**




शहर का गौरव,मध्य प्रदेश की बेटी आर्याश्री सोलंकी का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने के उपलक्ष्य में लव कुश सुर संगम संस्था एवं वरिष्ठ नागरिक संस्था देवास द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। अभिनंदन समारोह में वरिष्ठ नागरिक संस्था के डायरेक्टर गंगासिंह सोलंकी, श्रवण कानूनगो, वीणा भार्गव, कुमावत जी, आर एस ढाली, आरस जी, मनोहर सिन्हा, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के श्याम शाह एवं सदस्य, गुजराती दर्जी समाज देवास ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन परिहार एवं संचालक गण, प्रभात फेरी खेड़ापति मंदिर मंडल के सदस्यों तथा देवास के प्रसिद्ध गायक देवेंद्र पंडित उपस्थित रहे। लव कुश सुर संगम संस्था के संचालक अनिल नाईक, सह संचालक रामजीत सिंह एवं सभी सिंगर साथियों द्वारा आयाश्री का स्मृति चिन्ह,पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल प्रदान कर अभिनंदन किया गया। साथ ही आर्य के पिता अरविंद्रसिंह सोलंकी एवं माता रानी सोलंकी का अभिनंदन किया गया। आर्याश्री के सम्मान में गंगा सिंह सोलंकी एवं अनिल नाईक द्वारा सभी को संबोधित किया गया। इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर बनी आर्याश्री ने समस्त वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया एवं सभी का धन्यवाद किया।

माता रानी सोलंकी द्वारा बेटी के लिए स्वरचित सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ नागरिक संस्था के संचालक के सी नागर तथा एंकर कवियित्री और गायिका प्रीति चौधरी द्वारा भी आर्याश्री के लिए उत्कृष्ट कविता की प्रस्तुति दी गई। लव कुश सुर संगम संस्था के समस्त सिंगर साथियों द्वारा गीतों की प्रस्तुतियां एवँ आर्या बिटिया को शुभकामनाएं दी। समस्त वरिष्ठ जनों एवं संस्था के अध्यक्षों द्वारा शहर की होनहार बेटी आर्याश्री को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । इसी प्रकार बेटियां अपने परिवार समाज शहर और प्रदेश का नाम रोशन करती रहें।

# विशाल भंडारे के साथ चंडी महायज्ञ की पूर्णाहूति आज

## टेकरी परिक्रमा मार्ग पर निकलेगी कलश यात्रा



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

20 जून से प्रारंभ हुए माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का समापन महायज्ञ की पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। यज्ञ समिति के अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि आज 26 जून को पं. सुभाष रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में अभिजीत मुहूर्त में चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी पूर्णाहूति में विधायक गायत्री राजे पवार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर परिक्रमा मार्ग पर कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवार एवं भक्त मंडल व जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। माँ चामुण्डा के भक्तों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधार कर महायज्ञ की पूर्णाहूति, कलश यात्रा एवं भंडारे का लाभ लें।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृ.प. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण उज्जैन के ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक सांस्कृतिक, औद्योगिक एवं दर्शन के महत्व के स्थान में 25 जून 2025 को किया गया।

इस भ्रमण में महाविद्यालय के बीए एवं बीबीए, बीकॉम. बीएससी. एवं स्नातकोत्तर के लगभग 50 नियमित विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्रातः काल में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस राणा द्वारा एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ बी एस जाधव एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ मनोज मालवीय द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर एवं हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक द्वारा विद्यार्थी के दल एवं महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा नियमित रूप से इस प्रकार के आयोजन पढ़ाई के साथ-साथ होते रहने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुशासन में रहकर विभिन्न स्थलों का भ्रमण करने एवं अनुभव को रिपोर्ट के रूप में लिखने की बात कही। विद्यार्थियों के दल के साथ डॉ.विद्या माहेश्वरी,डॉक्टर रश्मि ठाकुर डॉ रजत राठौर,डॉ. प्रतिमा रायकवार, डॉक्टर कैलाश यादव, प्रोफेसर निधि नामदेव,श्री दीपक अटारिया, श्रीमती गुड्डी ने सहभागिता की।



# कलेक्टर और एसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

## बारिश को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**



आगामी भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिले का प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने आज बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा किया और निचले इलाकों में रह रहे लोगों से सीधे संवाद कर तैयारियों का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों में कोई ढिलाई न बरती जाए। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को भी सतर्क मोड पर रहने को कहा गया है। कलेक्टर वानखड़े ने ग्रामीणों से कहा कि यदि बारिश की तीव्रता बढ़ती है, तो वे तत्काल सतर्क रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। एसपी सूरज कुमार वर्मा ने भी सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और आश्वस्त किया कि पुलिस बल हर परिस्थिति के लिए तैयार है। इस निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सुबोधकांत सहाय से मिले कायस्थ समाज के प्रतिनिधि, संगठन के विकास पर हुई चर्चा

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवास की अनुपमा श्रीवास्तव (प्रदेश उपाध्यक्ष) ने 24 जून को अपने रांची प्रवास के दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से उनके निज निवास पर एबीकेएम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाज के संगठन के विकास और मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने श्री सहाय को समाज के विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया और संगठन के विकास के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया। श्री सहाय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुना और समाज के विकास के लिए हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# शहर के बड़े नालों की सफाई 80 फीसदी पूरी हुई

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम देवास द्वारा शहर के बड़े नालों की सफाई अभियान की शुरुआत की थी। ये गंभीर तैयारियां अब धरातल पर नजर आ रही हैं। निगम की टीम पिछले एक महीने से शहरभर में नालों की गाद निकालने का काम युद्धस्तर पर कर रही है। अब तक करीब 80 प्रतिशत नालों की सफाई पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष बचे हिस्सों पर कार्य तेजी से जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 38, 39 और 40 में जुड़े मुख्य नाले की सफाई कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कार्य की गति और बढ़ाने की सख्त हिदायत दी, साथ ही यह निर्देश भी दिए कि सफाई के बाद मलबा तत्काल ट्रॉली में भरकर हटाया जाए, ताकि नागरिकों को कोई असुविधा न हो। श्री अग्रवाल ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसौदिया को 3 दिवस में शेष रहे नालों की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 3 दिवस के पश्चात एक बार फिर निरीक्षण किया जाएगा। श्री अग्रवाल के साथ निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद व निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस भी शामिल थे। यहां सफाई कार्य में जेसीबी, ब्रेकर मशीन सहित मलबा उठाने के ट्रैक्टर ट्रालियों का उपयोग किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने बताया कि इस नाले की सफाई कभी पूरी तरह नहीं हो पाई थी। लेकिन इस बार महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के मार्गदर्शन और नगर निगम के ठोस प्रयासों से यहां तूफानी अंदाज में सफाई अभियान चलाया गया।

श्री अग्रवाल ने बताया कुछ स्थानों पर अतिक्रमण की वजह से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा था, जिन्हें मौके पर ही जेसीबी मशीन से हटाया गया। साथ ही गाद को तत्काल ट्रालियों से हटाया गया ताकि दोबारा फैलाव न हो। श्री अग्रवाल ने कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ कागजी सफाई नहीं, बल्कि वास्तविक जल निकासी को सुधारना है ताकि बारिश में जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर में जलजमाव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नगर निगम प्रयास कर रहा है। मुख्य नालों की गाद हटाए जाने का कार्य तेजी से हो रहा है।